नई सोच, नया आयाम

जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 289 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 2 ₹ ◆ पृष्ठ : 4

धरमजयगढ़, शनिवार 27 अगस्त 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

पेज -3 पर

शराब पकड़ने गये आबकारी अमले ने ग्रामीण के घर में रखे बैग से...

कर्मचारियों ने निकाली विशाल मशाल रैली ...

पेज -4 पर

नक्सलियों के एंट्री पाइंट पर होगा अटैक

यूनिफाईड कमांड की मीटिंग में अफसरों ने सीएम को बताई नई रणनीति

रायपुर। रायपुर में नक्सलियों के खिलाफ एक हाइलेवल मीटिंग रखी गई। यूनिफाईड कमांड की इस बैठक में अफसरों से बात करने खुद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और गृहमंत्री ताम्र ध्वज साहू पहुंचे। बैठक में अफसरों ने सरकार के साथ कुछ खुफिया डीटेल्स साझा की हैं।

सरकार को भरोसे में लेकर कुछ ऑपरेशंस शुरू करने पर भी बात हुई, ताकि जंगलों में बंदूकों के दम पर राज करने वाले नक्सलियों की कमर तोड़ी जा सके।

बैठक के बाद जब बाहर आकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मीडिया को जानकारी दी तो उन्होंने कहा कि स्टेट पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्सेस के बीच अच्छा कोऑर्डिनेशन है। बीजापुर सुकमा में लोगों की सुरक्षा के साथ उनकी सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है। लोगों के राशन कार्ड बने, बंद पड़े आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूल खोले गए, सड़कें भी बनाई। नक्सल प्रभावित हिस्सों में टावर लगे। इस प्रकार से लगातार सम्मिलित प्रयास से अब नक्सली पीछे हटे हैं, हमारी कोशिश है कि विश्वास विकास और सुरक्षा इस नीति से हम आगे बढ़े हैं।

नक्सलियों के एंट्री पाइंट पर होगा काम

नक्सल प्रभावित इलाकों में तैनात राज्य और केन्द्रीय सुरक्षाबलों के जवानों के कल्याण पर भी मंत्री और अफसरों से विचार किया। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य के सीमावर्ती राज्यों जैसे महाराष्ट्र, तेलंगाना, आन्ध्रप्रदेश और उड़ीसा के उन मार्गों पर फोकस करने को कहा गया है जहां से नक्सली प्रदेश में घुस आते हैं या यहां कांड करके उन राज्यों में जाकर छुप जाते हैं। फोर्स को निगरानी और बॉर्डर के राज्यों के साथ सूचनाओं को साझा किये जाने पर भी जोर दिया गया।

इन ऑपरेशंस में छत्तीसगढ़ पुलिस के इंटेलिजेंस, एंटी नक्सल ऑपरेशनल के चीफ, CRPF के डीजी और स्टेट पुलिस के DGP अशोक जुनेजा योजना बनाकर काम करेंगे। सीएम भूपेश बघेल ने भी एंटी नक्सल ऑपरेशन और तेज करने को कहा है। इस बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, सुब्रत साहू अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव (गृह), केन्द्रीय गृह मंत्रालय केन्द्रीय सुरक्षाबलों के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

कोरबा में लगेंगे 1320 मेगावॉट के बिजली संयंत्र

राज्य बनने के बाद पहली बार इतनी बड़ी क्षमता का प्लांट बनेगा

रायपुर। छत्तीसगढ़ में 1320 मेगावाट के नए बिजली संयंत्र लगाए जाएंगे। यह छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी का सबसे बड़ा और सबसे आधुनिक संयंत्र होगा। नए पावर प्लांट से छत्तीसगढ़ स्टेट जनरेशन कंपनी की विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़कर 4300 मेगावाट हो जाएगी। राज्य स्थापना के बाद प्रदेश में पहली बार इतनी क्षमता का बिजली संयंत्र लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भविष्य की जरूरतों को देखते हुए पॉवर कंपनियों की समीक्षा बैठक में अफसरों को पावर प्लांट लगाने संबंधी निर्देश दिए हैं। नए सुपर क्रिटीकल नए पावर प्लांट से बिजली सस्ती होगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भविष्य में बिजली की मांग और आपूर्ति को

ध्यान में रखते हुए 2030-31 तक नए प्लांट की जरूरत होगी। सीएम ने राज्य की बिजली उत्पादन कंपनी को कोरबा पश्चिम में उपलब्ध भूमि पर 2×660 मेगावॉट सुपर क्रिटीकल नए पावर प्लांट लगाने जरूरी कदम उठाने को कहा। कोरबा में 660 मेगावॉट के 2 पावर प्लांट लगाए जाएंगे। विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एनके बिजौरा ने बताया गया कि यह सुपर क्रिटिकल संयंत्र अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगी। नए पावर प्लांट से एक तरफ पर्याप्त बिजली की मिलेगी वहीं रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

खुद की जमीन पर संयंत्र लगाएगी बिजली कंपनी

एमडी एनके बिजौरा ने बताया कि कोरबा पश्चिम में नए पावर प्लांट लगाने के लिए शासन के पास खुद की जमीन उपलब्ध है। अपेक्षित परियोजना स्थल पर कोयले की उपलब्धता सुनिश्चित करने वर्तमान चलित उत्पादन संयंत्रों के लिए कंवेयर बेल्ट की सुविधा भी उपलब्ध है।

एक नजर

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी तीजा पर्व की बधाई

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के प्रमुख लोक पर्व तीजा के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने सभी तीजहारिन माताओं और बहनों के प्रति अपनी शुभकामनाएं प्रकट की है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि छत्तीसगढ़ में तीज, त्यौहारों की एक समृद्ध परम्परा है।

रेवड़ी की तरह बांटा शासकीय राशि को बोजिया सरपंच-सचिव

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

घोटाले बाज लोग शासकीय राशि का गोलमाल करने का कई उपाये खोज लेते हैं। और घोटाले बाजों पर कार्यवाही भी नहीं करते उनके विभागीय अधिकारी। बताया जाता है घोटाले बाज लोग घोटाला करने के बाद अपने उच्च अधिकारियों को उसका कमीशन इमानदारी के साथ पहुंचा देते हैं।

ताकि किसी प्रकार का कोई आड़ुच आ ना सकें। आज हम बात कर रहे हैं धरमजयगढ़ जनपद पंचायत के बोजिया ग्राम पंचायत का इस पंचायत में कई प्रकार के घोटाले किये गये हैं। सरपंच-सचिव की मिलीभगत से बिना जीएसटी बिल के भुगतान कर दिये हैं। हम आपको बता दें कि दुकानदार द्वारा बिल में उल्लेख तक नहीं किये हैं कि कितने मात्रा में समान दिये हैं। बिल में सीधा-सीधा राशि अंकित कर दिया गया है जबकि बिल में बाकायदा मात्रा, दर अंकित होना चाहिए। लेकिन बोजिया-सचिव और दुकानदार द्वारा मिलीभगत कर इस तरह के फर्जी बिल बनाकर शासकीय राशि का दुरपयोग किया है। सरपंच सचिव द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 9 हजार का बूंदी सेव का बिल

निकाला गया है। अब सोचने वाली बात है कि 15 अगस्त के दिन क्या 9 हजार का सेव बूंदी खाने वाले सरपंच सचिव को कहां से मिल गया इतने अधिक संख्या में लोग। सरपंच सचिव द्वारा किसी कान्हा होटल नवापारा का बिल लिया गया होटल संचालक द्वारा बिल में अंकित किया गया है बूंदी मात्रा 120 दर 50 रूपये कुल 6 हजार रूपये और सेव मात्रा 100 दर 30 रूपये कुल 3 हजार रूपये अब सवाल उठता है कि वर्तमान में बूंदी का दर 1 किलो 160 रूपये है और सेव 1 किलो 180 रूपये है फिर कान्हा होटल वाले बोजिया सरपंच-सचिव पर इतना मेहरबान क्यों हुआ कि आधे से भी कम दर पर सेव बूंदी दे दिया। सरपंच-सचिव ने 15 अगस्त 2021 में 9 हजार का और 26 जनवरी 2022 को 5 हजार का सेव बूंदी पर खर्च करना बताया है। मजेदार बात है कि 2021 से 2022 में समानों के दर में वृद्धि हुई है।

9 हजार का बूंदी खिला दिये 15 अगस्त को

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

लेकिन यहां पर भी सरपंच-सचिव घोटाले करने का एक रिकार्ड और बना लिए इस बार तो सेव, बूंदी आधा से भी कम दर पर कान्हा होटल वालों ने बोजिया सरपंच-सचिव को दे दिया है। कान्हा होटल वालों ने जो बिल बोजिया पंचायत में दिया है उसमें बूंदी मात्रा 120 दर 30 रूपये कुल 3600 रूपये, सेव मात्रा 100 दर 14 रूपये, 15 अगस्त 2021 में जो बूंदी 50 रूपये था वो बूंदी 26 जनवरी 2022 को 30 रूपये हो जाता है और 15 अगस्त 2021 सेव का दर 30 रूपये था वो सेव 26 जनवारी 2022 को 14 रूपये में बोजिया सरपंच को उपलब्ध करते हैं। अब सोचने की बात है कि क्या ऐसा हो पाना संभव है। इस तरह से ग्राम पंचायत बोजिया द्वारा शासकीय राशि को रेवड़ी की तरह बंदर बांट कर लिया है। हम आपको इस पंचायत के और कई बड़े-बड़े घोटाले बताते रहेंगे पढ़ते रहिए जोहार छत्तीसगढ़।

मुख्यमंत्री की पत्नी मुक्तेश्वरी बना रहीं खुरमी

बघेल बोले-श्रीमती जी को हर तीज-त्योहार पर लगन से पकवान बनाते देखा; शुरू हुई तीजा-पोला की तैयारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्योहार तीजा-पोला करीब है। प्रदेश में इन त्योहारों में किसान अपने बैलों की पूजा करते हैं। महिलाएं तीजा का उपवास करती हैं। मायके जाती हैं। छत्तीसगढ़ के इन सबसे मशहूर त्योहारों में गलियों में उड़ती है पारंपरिक पकवानों की खुशबू। ऐसी ही खुशबू उड़ रही है रायपुर के मुख्यमंत्री निवास में भी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पत्नी मुक्तेश्वरी बघेल तैयार कर रही हैं प्रदेश में सबसे अधिक पसंद किए जाने वाला व्यंजन खुरमी। इसे शक्कर पारे के तौर पर भी

देशभर में जाना जाता है। मैदे से तैयार होने वाले कुरकुरे स्नैक्स फ्लेवर हल्के मीठे होते हैं। खुद मुख्यमंत्री ने पत्नी की किचन में काम करते हुए तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं।

मुख्यमंत्री ने अपनी पोस्ट में लिखा - तीजा-पोला की तैयारी। श्रीमती जी ने ठेठरी, खुरमी और चूरमा जैसे पारंपरिक पकवान तैयार कर दिए हैं। शादी के बाद से ही मैंने उन्हें हर तीज त्योहार पर इतनी ही लगन से पकवान अपने हाथों से बनाते देखा है। छत्तीसगढ़ में इस लोक पर्व पर घरों में ठेठरी, खुरमी, चौसेला, खीर, पूड़ी, बरा, मुरकू, भजिया, मूठिया, गुजिया, तसमई जैसे कई छत्तीसगढ़ी पकवान बनाए जाते हैं। इन पकवानों को सबसे पहले बैलों की पूजा कर भोग लगाया जाता है। इसके बाद घर के सदस्य प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं।

एनएसयूआई ने किया गया चक्काजाम

कवर्धा । शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोडला के पहुंच मार्ग को जल संसाधन विभाग द्वारा पानी की निकासी के लिए मार्ग अवरूद्ध कर दिया गया था जिसके लिए कई बार पत्राचार करने के बाद भी विगत 15 दिनों से रोड बंद था आज एनएसयूआई द्वारा चक्काजाम के पश्चात तत्काल सुबह ही अस्थाई रोड का निर्माण किया गया एनएसयूआई द्वारा आज चक्कजाम कर प्रशासन को नींद से जगाया गया नेशनल हाईवे को एनएसयूआई द्वारा बाधित किया गया चक्काजाम की सूचना मिलते तत्काल थाना प्रभारी चुरेंद्र साहब पहुंचे एवम बातचीत कर तत्काल रास्ते निकलने की पहल की एवम जल संसाधन के ईई भगौरिया जी को बोडला बुलाया गया।

मंत्री अग्रवाल की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समिति की हुई बैठक

भूमि आबंटन के लिए प्राप्त आवेदनों पर लिया निर्णय

रायपुर। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने शुक्रवार को अंतर्विभागीय समिति की बैठक ली। उन्होंने भूमि आबंटन सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। श्री अग्रवाल ने भूमि आबंटन के लिए प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली।

बैठक में रायपुर विकास प्राधिकरण को इंद्रप्रस्थ फेस-2

रायपुर आवासीय योजना अंतर्गत विभिन्न प्रकार के भवनों के निर्माण के लिए भूमि आबंटन का निर्णय लिया गया। साथ ही दक्षिण पूर्वी मध्य रेल्वे राजनांदगांव के अलावा 4 अन्य प्रकरणों पर भी चर्चा कर संबंधित प्रकरणों का निर्धारित प्रब्याजी तथा भू-भाटक तथा

भूमि आबंटन के लिए प्राप्त आवेदनों पर लिया निर्णय

निर्धारित नियमों के तहत भूमि आबंटन की प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में राजस्व विभाग के सचिव श्री एन. एन. एक्का, राजस्व विभाग के अवर सचिव श्री उमेश कुमार पटेल, आवास एवं पर्यावरण के अवर सचिव श्री सी तिर्की, वित्त विभाग के अवर सचिव श्री निखिल अग्रवाल और अंतर्विभागीय समिति के सदस्य उपस्थित थे।

पोला तिहार सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध करता है पोला पर्व

ग्रामीण जनजीवन में खुशहाली का प्रतीक

रायपुर। भारतीय संस्कृति में पशु पूजा की परम्परा रही है, इसके प्रमाण सिन्धु सभ्यता में भी मिलते हैं। खेती किसानी में पशुधन के महत्व को दर्शाने वाला पोला पर्व छत्तीसगढ़ के सभी अंचलों में परम्परागत रूप से उत्साह के साथ मनाया जाता है।

खेती किसानी में पशुधन का उपयोग के प्रमाण प्राचीन समय से मिलते हैं। पोला मुख्य रूप से खेती-किसानी से जुड़ा त्यौहार है। भादों माह में खेती किसानी का काम समाप्त हो जाने के बाद

अमावस्या को यह त्यौहार मनाया जाता है। चूंकि इसी दिन अन्न माता गर्भ धारण करती है अर्थात धान के पौधों में इस दिन दूध भरता है। इसीलिए यह त्यौहार मनाया जाता है। पोला पर्व महिलाओं, पुरूषों और बच्चों के लिए भी विशेष महत्व रखता है।

पोला पर्व के पीछे मान्यता है कि विष्णु भगवान जब कान्हा के रूप में धरती में आये थे, जिसे कृष्ण जन्माष्टमी के रूप में मनाया जाता है, तब जन्म से ही उनके कंस मामा उनकी जान के दुश्मन बने हुए थे, कान्हा जब छोटे थे और वासुदेव-यशोदा के यहां रहते थे, तब कंस ने कई बार कई असुरों को उन्हें मारने भेजा था। एक बार कंस ने पोलापुर नामक असुर को भेजा था, इसे भी कृष्ण ने अपनी लीला के चलते मार दिया था और सबको अचंभित कर दिया था। वह दिन भादों माह की अमावस्या का दिन था। इस दिन से इसे पोला कहा जाने लगा, इस दिन को बच्चों का दिन कहा जाता है। पोला पर्व के पहले छत्तीसगढ़ में विवाहित बेटियों को ससुराल से मायका लाने की परंपरा है। पोला के बाद बेटियां तीज का त्यौहार मनाती है। तीज के पर्व के सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व को देखते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सामान्य अवकाश की घोषणा की है। पोला त्यौहार किसानों के लिए विशेष महत्व रखता है। किसान इस दिन धान की फसल धान लक्ष्मी का प्रतीक मानकर, अच्छी और भरपूर फसल की कामना की कामना करते हैं। इस दिन सुबह से किसानों द्वारा बैलों को नहलाकर पूजा अर्चनाकर कृषि कार्य के लिए दुगने उत्साह से जुटने प्रण लेते हैं। बैलों की पूजा के बाद किसानों और ग्वालों के द्वारा बैल दौड़ का आयोजन जाता है। छोटे बच्चे भी मिट्टी के बैलों की पूजा करते हैं।

मस्तुरी में भगवान गणेश की ऐतिहासिक मूर्ति ले गए बदमाश

मंदिर के पुजारी को बंदूक की नोंक पर बनाया बंधक

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में बड़ा अजीब मामला सामने आया है। मस्तूरी क्षेत्र के पाली में भंवर गणेश की ऐतिहासिक प्रतिमा को अज्ञात लोग उठाकर ले गए हैं। घटना बीती रात करीब 2 बजे की बताई जा रही है। अज्ञात लोगों ने मंदिर के पुजारी को बंदूक की नोंक पर बंधक बना लिया और भगवान गणेश की ऐतिहासिक प्रतिमा को अपने साथ ले भागे। भक्तगण सुबह मंदिर पहुंचे तब इसका खुलासा हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी पारुल माथुर भी मौके पर पहुचीं। पुलिस मामले की जांच

कर रही है। भगवान गणेश को उठाकर ले जाने से लोगों में भारी आक्रोश है। मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर स्थित मस्तूरी क्षेत्र के पाली में भंवर गणेश का ऐतिहासिक मंदिर है। मंदिर में देर रात अज्ञात लोग पहुंचे। पुजारी को बंदूक की नोंक पर बंधक बना लिया। पुजारी को पहले खूब धमका और डराया फिर मूर्ति अपने साथ लेकर फरार हो गए। इस घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में हंगामा मच गया है। सूचना पर पुलिस की टीम डॉग स्क्वाड के साथ पाली गांव पहुंची।

क्या यह एक प्रति-ब्राह्मणवाद के उभार का संकेत है?

देश में ब्राह्मणवाद और ब्राह्मण एक अंतराल के बाद फिर निशाने पर हैं। बीते कुछ समय से आ रहे बयानों में ब्राह्मणों को दुष्चरित्र, सत्ता और धन लोलुप तथा हिंदू समाज के शोषक के रूप में चित्रित करने की कोशिश की जा रही है। जवाहरलाल नेहरू विवि की कुलपति शांतिश्री धुलिपुडी पंडित ने तो यहां तक कह दिया कि हिंदुओं के देवी देवता ब्राह्मण नहीं थे, उन्हें तो दलित या आदिवासी होना चाहिए। इधर मध्यप्रदेश में एक भाजपा नेता ने ब्राह्मणों को दान दक्षिणा बटोरने वाली और महिलाओं पर कुदृष्टि रखने वाली जमात बता दिया।

उसके बाद भाजपा ने उसे पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया। उधर गुजरात में एक भाजपा विधायक बिल्कीस बानो सामूहिक दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास भुगत रहे दोषियों को छोड़े जाने का यह कहकर समर्थन किया कि उनमें से कई ब्राह्मण हैं, इसलिए वो पापी नहीं हो सकते।

इसके पहले राजद नेता तेजस्वी यादव और कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू भी ब्राह्मणों पर गाहे बगाहे हमले करते रहे हैं। इसके पीछे सोच शायद यह है कि सामाजिक न्याय का रथ ब्राह्मणों को गरियाए बिना आगे नहीं बढ़ सकता। बावजूद इसके कि बहुसंख्यकवाद के इस दौर में ब्राह्मण कमसंख्यावाद के कारण ही हाशिए पर ठेले जा रहे हैं।

सबसे हैरानी की बात यह है कि ब्राह्मण शब्द और ब्राह्मणवाद की व्याख्या आजकल हर कोई अपने हिसाब से कर रहा है। यह सही है कि सनातन धर्म की चातुर्वर्ण्य व्यवस्था में ब्राह्मणों का स्थान सर्वोच्च माना गया है यास्क मुनि के निरूक्त में ब्राह्मण शब्द की व्याख्या 'ब्रह्म जानाति ब्राह्मणा' यानी जो ब्रह्म को जाने वही ब्राह्मण है। इस कसौटी पर आज उंगली पर गिनने लायक ब्राह्मण ही खरे उतरेंगे। फिर भी सदियों से धर्मपताका के वाहक के रूप में ब्राह्मणों ने हिंदू धर्म का प्रबंधन अपने तरीके से किया और व्यापक धर्मांतरण से उसे बचाया। हालांकि इसमें कई गंभीर दोष थे और आज भी हैं।

अब जबकि 'गर्व से खुद को हिंदू कहने' का समय आ गया है तब ब्राह्मणों पर हमले किसी सुनियोजित रणनीति का हिस्सा ज्यादा लगते हैं। खासकर तब तक ब्राह्मण के हाथ राजनीतिक सत्ता लगभग फिसल चुकी है। हाल में जेएनयू की कुलपति शांतिश्री धूलिपुड़ी पंडित ने कहा कि

देश में ब्राह्मणवाद और ब्राह्मण एक अंतराल के बाद फिर निशाने पर हैं। बीते कुछ समय से आ रहे बयानों में ब्राह्मणों को दुष्चरित्र, सत्ता और धन लोलुप तथा हिंदू समाज के शोषक के रूप में चित्रित करने की कोशिश की जा रही है।

मानवशास्त्रीय और वैज्ञानिक दृष्टि से देवताओं की उत्पत्ति को देखें तो हमारे देवता ब्राह्मण नहीं थे।

उन्हें अनुसूचित जाति या जनजाति का होना चाहिए। शांति श्री केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित बीआर अंबेडकर लेक्चर सीरीज में बोल रही थीं। शांतिश्री ने कहा कि भगवान शिव अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के होने चाहिए, क्योंकि वो श्मशान में सांप के साथ बैठते हैं।

उन्होंने बहुत कम कपड़े भी पहने हैं। मुझे नहीं लगता कि ब्राह्मण कब्रिस्तान में बैठ सकते हैं। इसलिए देवता मानवशास्त्रीय रूप से उच्च जाति से नहीं आते हैं। इसमें लक्ष्मी, शक्ति आदि सभी देवता शामिल हैं. जगन्नाथ आदिवासी हैं। इसके बाद भी हम अभी भी इस भेदभाव करते हैं, जो बहुत ही अमानवीय है।

शांतिश्री यहीं पर नहीं रूकीं। उन्होंने यह भी कहा कि मनुस्मृति में हर महिला को शूद्र कहा गया है। कोई भी महिला यह दावा नहीं कर सकती कि वो ब्राह्मण या कुछ और है। मेरा मानना है कि शादी से ही आपको पति या पिता की जाति मिलती है। शांतिश्री स्वयं ओबीसी हैं, लेकिन उनकी मां तेलुगू ब्राह्मण थीं। शांतिश्री ने जाति उन्मूलन की पैरवी की। बेशक जाति उन्मूलन होना चाहिए, लेकिन जातियों की पहचान कायम रखकर और उसे राजनीतिक सौदेबाजी का आधार बनाकर यह कैसे संभव है?

ब्राह्मणों के खिलाफ एक और विवादित बयान मध्यप्रदेश के भाजपा नेता प्रीतम लोधी ने किया। उन्होंने शिवपुरी जिले के बदरवास में रानी अवंतीबाई लोधी जयंती पर आयोजित एक समारोह में कहा 'ये ब्राह्मण आपको 9 दिन रोजाना 7-8 घंटे पागल बनाते हैं। ये सबसे ज्यादा दान की बात करते है। कहते हैं कि, अगर तुम दान दोगे तो भगवान तुम्हें देगा। इनकी बातों में आकर महिलाएं अपने घरों से घी, शक्कर, गेहूं, चावल चुरा-चुराकर इनके चरणों में अर्पित करती हैं। जबकि महिलाओं को यह सामग्री अपने बच्चों को खिलाना चाहिए। प्रीतम ने आगे कहा कि दान दक्षिणा लेने के बाद ये ब्राह्मण रफूचक्कर हो जाते हैं और आपको उल्लू बनाने के 25 से 50 हजार रुपए भी ले लेते हैं।% यही नहीं प्रीतम ने यह भी कहा कि कुछ ब्राह्मण पुजारी महिलाओं को घूरते हैं और प्रवचन के दौरान युवतियों को आगे की पंक्तियों में बिठाते हैं।'

यह वीडियो वायरल होते ही बवाल मच गया। कई ब्राह्मण संगठनों ने प्रीतम को पार्टी से निकालने की मांग की। शिवपुरी जिले के कई थानों में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो गई। परोक्ष रूप से इसे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी.डी.शर्मा पर भी हमला माना गया। हालांकि, बवाल मचने के बाद प्रीतम ने पार्टी से लिखित माफी भी मांगी, लेकिन तब तक तीर कमान से छूट चुका था।

-अजय बोकिल

संपादकीय

कांग्रेस के लिए फैसले की घड़ी

पिछले तीन साल से कांग्रेस पार्टी जिस असहज स्थिति को टाल रही थी वह स्थिति आ गई है। अब कांग्रेस को तय करना है कि पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा? कांग्रेस को यह भी तय करना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में उसकी क्या रणनीति होगी? उसे यह भी तय करना है कि वह लोकप्रिय विमर्श को लेकर आगे बढ़ेगी या अलोकप्रिय होने का जोखिम लेकर अपने सिद्धांतों पर चलेगी। कांग्रेस को कई और फैसले करने हैं लेकिन ये तीन चीजें सबसे मुख्य हैं। सबसे पहले अध्यक्ष, फिर सिद्धांत और तब चुनावी रणनीति। इन तीनों पर इस समय चर्चा का करने का मकसद यह है कि कांग्रेस ये तीनों फैसले करने के मुहाने पर खड़ी है। उसे अगले कुछ दिनों में ये तीनों फैसले करने हैं। कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष का फैसला तीन साल से टाल रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद राहुल गांधी ने 2019 में इस्तीफा दे दिया था। तब से सोनिया गांधी खराब सेहत के बावजूद अंतरिम अध्यक्ष के तौर पर काम कर रही हैं। अब कांग्रेस का पूर्णकालिक अध्यक्ष चुने जाने का समय आ गया है। कांग्रेस की पिछली कार्य समिति की बैठक में तय हुआ था कि 20 अगस्त से 21 सितंबर के बीच अध्यक्ष चुना जाएगा। सो, उम्मीद करनी चाहिए कि 21 सितंबर से पहले पार्टी को नया अध्यक्ष मिल जाएगा। कांग्रेस को जो तीन फैसले करने हैं उनमें सबसे अहम यहीं है कि कौन होगा पार्टी का अध्यक्ष? राहुल गांधी की कमान में कांग्रेस ने 2018 में हुए राज्यों के चुनाव में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। कर्नाटक में पांच साल की एंटी इन्कंबैंसी के बावजूद कांग्रेस का प्रदर्शन अच्छा था और उसने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ तीनों राज्यों में जीत हासिल की थी।

वैश्विक मंदी के बीच बढ़ता भारत - अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की रिपोर्ट और बैंक की ब्याज दरें बढ़ने के मायने

बेशक अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अपनी हालिया रिपोर्ट में भारत की आर्थिक विकास दर का अनुमान 0.8 प्रतिशत घटाकर 7.4 प्रतिशत कर दिया है, पर अमेरिका और चीन जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत में तेजी से विकास होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि महामारी के बाद अर्थव्यवस्थाओं में तेजी की संभावनाएं बन रही थीं, पर कई नए संकटों के चलते आर्थिक स्थिति विकट होती जा रही है।

इनमें रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण तेल और खाद्य पदार्थों की कमी और महंगाई प्रमुख हैं। इस कारण दुनिया भर के केंद्रीय बैंक ब्याज दरें बढ़ा रहे हैं, जो विकास के लिए हानिकारक सिद्ध होगा। चीन में लॉकडाउन के कारण दुनिया भर में आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हो रही है, वहीं अमेरिका में वर्ष के पहले कालखंड में धीमी वृद्धि, गृहस्थों की आमदनी में कमी और संकुचित मौद्रिक नीति के चलते मांग और वृद्धि में कमी का अनुमान लगाया गया है। आईएमएफ के अनुसार, वर्ष 2022 में वैश्विक वृद्धि दर 3.2 प्रतिशत और 2023 में 2.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह पूर्व के अनुमानों से क्रमशः 0.4 और 0.7 प्रतिशत कम है।

एक ओर वैश्विक वृद्धि दर के

पिछले कुछ समय से मुद्रास्फीति सात प्रतिशत तक पहुंच गई है। ऊंची मुद्रास्फीति के चलते रिजर्व बैंक को नीतिगत ब्याज दरों को बढ़ाना पड़ रहा है, जिसका असर ग्रोथ पर भी पड़ सकता है। ऐसे में सरकार को मुद्रास्फीति रोकने हेतु ठोस प्रयास करने होंगे।

अनुमान घट रहे हैं, वहीं भारतीय अर्थव्यवस्था सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी हुई है। अमेरिका में महंगाई की दर 9.1 प्रतिशत और इंग्लैंड में 9.4 प्रतिशत पहुंच चुकी है, जबकि भारत में यह 7.0 प्रतिशत है। हालांकि पिछले पांच महीनों में डॉलर के मुकाबले रुपये का 3.0 प्रतिशत अवमूल्यन हो चुका है। इस बीच रुपये के मुकाबले पौंड का अवमूल्यन 5.1 प्रतिशत, येन का 12.35 प्रतिशत और यूरो का 2.73 प्रतिशत तक हो चुका है। अर्थव्यवस्था के दो प्रमुख क्षेत्रों सेवाओं और मैन्यूफैक्चरिंग में ग्रोथ में सुधार का मापदंड होता है परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई)। स्टैंडर्ड ऐंड पूअर्स के अनुसार, जून में पीएमआई इंडेक्स 59.2 तक पहुंच गया, जो अप्रैल 2011 से अभी तक का सबसे बेहतर प्रदर्शन है। हालांकि जुलाई में इसमें हल्की कमी दिखाई दी है। फिर भी माना जा सकता है कि भारत का सेवा क्षेत्र अत्यंत बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में पीएमआई इंडेक्स जून में 53.9 से बढ़ता हुआ जुलाई में 56.4 तक पहुंच गया है। विदेशी निवेशकों के पलायन, बढ़ती ब्याज दरों, कमजोर होते रुपये और वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी जैसी स्थिति के बावजूद मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। गैर कृषि कार्यकलापों में वृद्धि का एक अन्य संकेतक जीएसटी प्राप्तियों का होता है। विगत अक्तूबर से जीएसटी की प्राप्तियां लगातार ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं और पूर्व की तुलना में कहीं ज्यादा हैं। अर्थव्यवस्था की दीर्घकालीन वृद्धि और उसकी निरंतरता पूंजीगत वस्तुओं, मध्यवर्ती वस्तुओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर वस्तुओं के उत्पादन से मापी जाती है। उस नाते पिछले मई, 2021 की तुलना में मई, 2022 में पूंजीगत उत्पादन में वृद्धि 55 प्रतिशत, मध्यवर्ती वस्तुओं में वृद्धि 18 प्रतिशत और इन्फ्रास्ट्रक्चर वस्तुओं के उत्पादन में वृद्धि 18.2 प्रतिशत आंकी गई है।

– अश्विनी महाजन

मिला जुला

गुलाम नबी आजाद-बेहद भावुक दिल के साथ मैंने कांग्रेस से अपना आधा सदी पुराना नाता तोड़ लिया

आजाद ने छोड़ी कांग्रेस

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। वो काफी लंबे समय से पार्टी की नीतियों को लेकर नाराज चल रहे थे। कांग्रेस अध्यक्ष को भेजे पांच पृष्ठ के त्यागपत्र में आजाद ने कहा कि वह भारी मन से यह कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा से पहले 'कांग्रेस जोड़ो यात्रा' निकाली जानी चाहिए थी।आजाद ने कहा कि पार्टी में किसी भी स्तर पर चुनाव संपन्न नहीं हुए। गुलाम नबी ने कहा कि कांग्रेस लड़ने की अपनी इच्छाशक्ति और क्षमता खो चुकी है।

पहले भी चौंकाया था

इससे पहले गुलाम नबी आजाद ने उस समय चौंकाया था जब उन्होंने जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस की प्रचार समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। हैरानी की बात ये है कि कुछ घंटे पहले ही उन्हें यह पद दिया गया था।

राहुल पर बोला बड़ा हमला

गुलाम नबी आजाद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला है, उन्होंने पत्र में लिखा है कि राहुल गांधी के अध्यक्ष (2013) बनने के बाद पुरानी कांग्रेस को खत्म कर दिया गया, जिसके कारण धीरे-धीरे पार्टी के जमीनी नेता दूर हो गए। इसके साथ ही उन्होंने पार्टी को सलाह दी है कि इस समय कांग्रेस को भारत जोड़ो यात्रा से ज्यादा कांग्रेस जोड़ो यात्रा की आवश्यकता है।

आजाद ने सोनिया को लिखे पत्र में कहा कि एआईसीसी के चुने हुए पदाधिकारियों को एआईसीसी का संचालन करने वाले छोटे समूह द्वारा तैयार की गई सूचियों पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया। पार्टी के साथ बड़े पैमाने पर धोखे के लिए नेतृत्व पूरी तरह से जिम्मेदार है। उन्होंने लिखा है कि कांग्रेस में हालात अब ऐसी स्थिति पर पहुंच गए है, जहां से वापस नहीं आया जा सकता। पार्टी की कमजोरियों पर ध्यान दिलाने के लिए पत्र लिखने वाले 23 नेताओं को अपशब्द कहे गए, उन्हें अपमानित किया गया, नीचा दिखाया गया।

कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को लिखे गए गुलाम नबी आजाद के इस्तीफे के पत्र में लिखा है, 'बड़े अफसोस और बेहद भावुक दिल के साथ मैंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से अपना आधा सदी पुराना नाता तोड़ने का फैसला किया है।'

जम्मू-कश्मीर पर अमित शाह की हाई लेवल मीटिंग, डोभाल हुए शामिल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान से लगी सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था सहित जम्मू-कश्मीर की मौजूदा स्थिति की गुरुवार को समीक्षा की। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला और केंद्र एवं केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक में शरीक हुए। एक अधिकारी ने बताया कि बैठक में जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति पर चर्चा हुई। सुरक्षा कर्मियों पर हमले, घुसपैठ की कोशिशों और केंद्र शासित प्रदेश में हत्याओं के मद्देनजर यह सुरक्षा समीक्षा की गई है। गुरुवार

को उरी के कमलकोट सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा कर्मियों ने तीन घुसपैठियों को मार गिराया। मंगलवार रात जम्मू-कश्मीर के पल्लनवाला सेक्टर में भारतीय क्षेत्र में सीमा पार से घुसपैठ की कम से कम तीन कोशिशें की गई थी। सतर्क सैनिकों ने उन पर गोली चलाई और पीछे हटने को मजबूर कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि 21 अगस्त को राजौरी जिले में नौशेरा के झांगर सेक्टर में तैनात सैनिकों ने नियंत्रण रेखा के इस ओर (भारतीय क्षेत्र) में दो से तीन आतंकवादियों की गतिविधियां देखी और उन्हें चुनौती दी।

करीब आए सिंधिया और विजयवर्गीय, कयासों का दौर शुरू

भोपाल। वाकई! क्रिकेट अनिश्चितता से भरा खेल है। चाहे मैदान हो, खिलाड़ी हों, संगठन हो या हों इसके खेवनहार। अब मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के परस्पर विरोधी दो ध्रुवों कैलाश विजयवर्गीय और ज्योतिरादित्य सिंधिया को ही देखें। अचानक दोनों हंसते हुए बीते सोमवार को इंदौर में गले क्या मिले, भाजपा संगठन में मची खलबली और कयासों की लहरें शांत होने का नाम नहीं ले रहीं। इस नए समीकरण को लेकर अलग-अलग मायने निकाले जा रहे हैं।

इधर, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के उस बयान का भी गहन विश्लेषण नहीं थम रहा, जिसमें उन्होंने कहा कि पार्टी कहेगी तो मैं दरी भी बिछा सकता हूं, वापस जैत (गृह ग्राम) भी जाकर जनता की सेवा कर सकता हूं। मुझे आदेशित-निर्देशित हर भूमिका के लिए मैं तैयार हूं।

सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई का आखिरी दिन

ओपन कोर्ट में रोने लगे सीनियर एडवोकेट दुष्यंत दवे

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना शुक्रवार को रिटायर हो गए। अपने कार्यकाल के आखिरी दो दिनों में उन्होंने कई अहम मामलों की सुनवाई की। सेरेमोनियल बेंच में विदाई देते हुए अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने कहा आपके रिटायरमेंट से हम एक बुद्धिजीवी और एक उत्कृष्ट न्यायाधीश को खो रहे हैं। वहीं सीनियर एडवोकेट दुष्यंत दवे कोर्ट रूम में ही रोने लगे। उन्होंने कहा- आप जनता के जज हैं।

रजिस्ट्री की प्रोसेस से थे नाराज, विदाई भाषण में भी बोले- एनवी रमना कोर्ट की 16 बेंच में सुनवाई के लिए मास्टर ऑफ रोस्टर केस डिस्ट्रीब्यूट करते रहे हैं। लेकिन पिछले दिनों मुकदमों की लिस्टिंग को लेकर वे सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री के आगे बेबस नजर आए थे।

संसदीय समिति के रडार पर ट्विटर-आईआरसीटीसी

थरूर की अगुआई वाली कमेटी ने समन भेजा; डेटा प्राइवेसी पर आज होंगे सवाल

नई दिल्ली। इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी ने ट्विटर और इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन को समन भेजा है। कांग्रेस नेता शशि थरूर की अध्यक्षता वाली कमेटी ने 'नागरिकों के डेटा सिक्योरिटी और प्राइवेसी' के मुद्दे पर शुक्रवार को दोनों कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों को तलब किया है। स्टैंडिंग कमेटी ट्विटर और IRCTC के अधिकारियों से इसी सिलसिले में सवाल करेगी। ट्विटर से यूजर्स के डेटा प्राइवेसी और सिक्योरिटी को लेकर पूछताछ हो सकती है। वहीं, IRCTC से पैसेंजर्स के डेटा को मोनेटाइज करने को लेकर जारी किए गए टेंडर के बारे में पूछताछ हो सकती है। दो दिन पहले ही ट्विटर के पूर्व सिक्योरिटी चीफ पीटर जटको

ने भारत सरकार पर गंभीर आरोप लगाए थे। हालांकि, ट्विटर ने कहा कि यह एक झूठी कहानी है। इस साल जनवरी में जाटको को कंपनी से निकाल दिया गया था।

एलओसी पार कर रहे 3 आतंकी मारे गए

सेना ने जारी किया घुसपैठ का वीडियो, जम्मू-कश्मीर में 5 दिन में तीसरी घटना

जम्मू-कश्मीर में बारामूला के उरी सेक्टर में बॉर्डर पार कर रहे 3 आतंकी मारे गए। घुसपैठियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद हुए हैं। सुरक्षा बलों के अधिकारियों ने बताया कि लाइन ऑफ कंट्रोल (स्पष्ट) के पास सेना के जवानों ने संदिग्ध गतिविधि देखी, जिसके बाद ये एक्शन लिया गया। आतंकियों की तरफ से भी फायरिंग की गई। पाकिस्तानी आतंकवादी 25 अगस्त को उरी सेक्टर से भारत में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे। खुफिया जानकारी मिलने के बाद इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस गैजेट्स से इन आतंकवादियों का पता लगाया गया था। जिसके

बाद सेना के सतर्क जवानों ने 3 आतंकवादियों को मार गिराया। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक अधिकारियों ने जानकारी दी कि कुल चार घुसपैठिए थे, जिनमें तीन को मार गिराया गया, चौथा आतंकी फरार हो गया।

विद्यार्थियों के लिए हुई तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला

सकारात्मक विचार नकारात्मक विचार को समाप्त कर देते - डॉ.तुर्रे

जोहार छत्तीसगढ़-धमतरी।

लाइवलीहुड कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए तनाव प्रबंधन एवं आत्महत्या रोकथाम पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान होने वाले तनाव और उसका बेहतर प्रबंधन करने के तरीकों के बारे में बताया गया।

इसके अतिरिक्त तनाव बढ़ने पर आत्मघाती कदम उठाने से बचने के तरीकों की जानकारी दी गयी। विद्यार्थियों के लिए आयोजित हुई तनाव प्रबंधन एवं आत्महत्या रोकथाम कार्यशाला के बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तुर्रे ने बताया। सकारात्मक विचार नकारात्मक विचार को समाप्त कर देते हैं। जब हम किसी विषय में रुचि नहीं रखते हैं तो उस विषय के प्रति हमारे विचार भी नकारात्मक होने लगते हैं। इसलिए प्रत्येक विषय में रुचि पैदा करने का प्रयास करना चाहिए एवं नकारात्मक विचारों को त्याग देना हितकर है और सकारात्मक सोचने से परिणाम भी सकारात्मक आते हैं। आगे उन्होंने कहारू प्रत्येक व्यक्ति का विचार अलग-अलग होता है लेकिन जब सहमति बनती है तो विचार आपस में मिलने लगते हैं। हमें अपने आसपास अपने दोस्तों और शिक्षकों के बीच सकारात्मक विचारों को बढ़ाना होगा जिसके परिणाम स्वरूप हमें अच्छे परिणाम मिलेंगे और तनाव में कमी आएगी। डॉ.रचना पद्मावर ने मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बताते हुए कहा,जीवन एक घड़ी की सुई की तरह है। जहां उतार चढ़ाव बना रहता है। ऐसे में कई बार जीवन निराशापूर्ण लगने लगता है और उम्मीद की किरण मिटती हुई दिखाई देती है। प्राय: हर व्यक्ति के जीवन में ऐसा समय आता है जब वह जीवन के प्रति उदासीन हो जाता हैं। यह महसूस करना सामान्य हैए लेकिन यह सिर्फ तब तक ही सामान्य है जब तक यह विचार आत्मघाती न हो जाएं। इसलिए लोगो मे तनाव प्रबन्धन एवं आत्महत्या रोकथाम के प्रति जागरूकता जरूरी हो जाती है। तनाव के विभिन्न प्रकार है।

आगे उन्होंने बताया। अक्सर लोग अपनी मानसिक बीमारियों को छिपाते हैं और खुलकर उस पर बात नहीं करना चाहते हैं। तनाव की स्थिति जब बढ़ने लगती है। तो शरीर मे दमा, हाइपरटेंशन, स्मृतिलोप, दुर्बलता, सिरदर्द, हृदयरोग जैसी समस्यायें उत्पन्न होने लगती है। अत: किसी भी परिस्थिति में अकेले न रहें। यदि किसी को कुछ समस्या है तो अपने परिवार वालों या करीबियों से बात करे, उन्हें अपनी समस्या बताएं और समस्या का समाधान खोजें।

इसके अतिरिक्त अपने दैनिक गतिविधियों में से कुछ समय निकालकर खुद के लिये समय दें योगाभ्यास करें, खानपान में सुधार करें और पर्याप्त नींद लें। मन में आत्महत्या जैसे नकारात्मक विचार आने पर पहला कदम मदद मांगना होना चाहिए। मानसिक अस्वस्थता की स्थिति हो तो घबराएं नहीं जिला अस्पताल में स्पर्श क्लीनिक के माध्यम से मानसिक रोगियों को नि:शुल्क परामर्श व उपचार किया जाता है। टोल फ्री नम्बर 104 डायल कर मनोवैज्ञानिक सलाह ली जा सकती है।ष् मानसिक विकारों को काउंसलिंग कर एवं तनाव से बचने के आवश्यक उपायों पर अमल करते हुए दूर किया जा सकता है कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य व उससे जुड़ी समस्याओं के लक्षण एवं उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। साथ ही विद्यार्थियों को विभिन्न एक्टिविटी के माध्यम से तनाव को कम करने के उपाय के बारे में भी बताया गया। इस मौके पर क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट प्रीति चांडक ने कहा, विद्यार्थी जीवन एक संघर्ष भरा जीवन होता है विद्यार्थी का जीवन शिक्षा अर्जित करने के लिए होता है हमको अपनी शिक्षा ग्रहण करने के लिए अपनी मन स्थिति को भी मजबूत रखनी होती है। मनो स्थिति अनियंत्रित होने से लोगों में आत्मघाती परिणाम देखने को मिलते हैं आत्महत्या रोकने के लिए हमें लोगों की मन की स्थिति को समझना होगा। जीवन में तनाव का आना.जाना लगा रहता है किन्तु जब यह तनाव बढ़ जाता है तब व्यक्ति के अंदर आत्मघाती विचार आने लगते हैं। ऐसे समय में हम तनाव को कम करके आने वाले आत्मघाती विचारों को रोकने के प्रयास करने चाहिए। कार्यशाला का आयोजन सिविल सर्जन डॉ.यूएल कौशिक,नोडल अधिकारी डॉ.जेएस खालसा और लाइवलीहुड कॉलेज के प्राचार्य के मार्गदर्शन में किया गया।

एक नजर

जिला वनोपज संघ का चुनाव आजए संचालक मण्डल के 10 पदों में 21 प्रत्याशी

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिला वनोपज मंडल के सदस्यों का चुनाव कल 27 अगस्त को जिला वनरक्षक प्रशिक्षण कार्यालय में संपन्न होगा। मंडल सदस्यों के चुनाव के लिए 21 अभ्यर्थी चुनाव मैदान पर है। सदस्य मंडल के चुनाव के बाद ही अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सहित अन्य प्रतिनिधियों का चुनाव होगा। इनके चुनाव की तिथि 2 सितंबर निर्धारित है। जिला वनोपज मंडल के सदस्यों के लिए 21 अभ्यर्थी मैदान पर है। लेकिन मात्र 10 ही लोग मंडल का सदस्य बनेंगे। मंडल सदस्य की 10 सीट है। इसमें 5 सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित है।

इसी प्रकार अनुसूचित जन जाति वर्ग में 3, अनुसूचित जाती में 1, अन्य पिछड़ा वर्ग में 1 पद आरक्षित है। इस चुनाव के चुनाव अधिकारी अपर कलेक्टर ओपी कोसरिया है। सहायक निर्वाचन अधिकारी आशीष दीवान ने बताया कि चुनाव को लेकर सारी तैयारियां हो गई है। सभी अधिकारी व कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगा दी गई है। 23 ने भरा था नामांकन, दो ने वापस लिया था नाम जिला वनोपज सहकारी समिति के सदस्यों के चुनाव के लिए 23 अभ्यर्थियों ने 17 अगस्त को नामांकन भरा था। 19 अगस्त तक नाम वापसी का समय था। 2 अभ्यर्थी भागीरथी मार्कंडेय व रविशंकर कश्यप ने वापस ले लिया था। इसके बाद मैदान में 21 लोग शेष थे। ये सदस्य आमने-सामने नाम वापसी के बाद अब वनोपज समिति के चुनाव में मनोरंजन बरिहा, माधोराम, मोहनलाल, पिताम्बर विश्वकर्मा, नारायण, शैलेन्द्री दीवान, लोभनी, हितेश चंद्राकर, भूखन, निराकार, छन्नु लाल, प्रमोद चंद्राकर, रतनलाल बंजोर, सेत कुमार, सुकांती, पंको प्रधान, रामजी ध्रुव, नैनसिंह ठाकुर,अमर नाग, बसंत सिन्हा, श्रीलाल के बीच चुनाव होगा।

रेल्वे स्टेशन के सामने से इंजिनियर का मोटर सायकल चोरी

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

स्थानीय रेल्वे स्टेशन के सामने से अज्ञात चोर ने एक मोटर सायकल पार कर दी। चोरी गई वाहन स्टेशन रोड निवासी इंजीनियर बसंत राठौर की है। इंजीनियर राठौर ने पुलिस को बताया है कि वह मकान नक्शा बनाने का काम करता है। वार्ड नं 20 स्टेशन रोड महासमुन्द का रहने वाला है। 24 अगस्त 2022 को अपने घर से करीब 07 बजे वह ट्रेन का समय पता करने अपने मोटर सायकल से रेल्वे स्टेशन गया था और अपनी मोटर सायकल को रेल्वे स्टेशन के सामने लॉक कर रेल्वे स्टेशन के अंदर गया। जब बाहर निकल कर देखा तो उसकी मोटर सायकल खडी किये हुये स्थान पर नहीं थी। वह आसपास के लोगों से आटो रिक्शा वालों से पता किया मगर पता नहीं चला। उसकी इस्तेमाली मोटर सायकल हीरो होण्डा स्प्लेण्डर प्लस सीजी 04 डीडब्ल्यू 0557 किमती 12000 रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। घटना के बारे में अपने चाचा भुपेन्द्र राठौर एवं यशवंत थदानी को बताया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध भादवि की धारा 379 के तहत अपराध कायम किया है।

पहली बार आयोजित सखी तीज महोत्सव की प्रतिस्पर्धाओं में महिलाओं ने दिखाया दमखम

प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन हेतु मौजूद रहे संसदीय सचिव चंद्राकर

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

शहर के हाईस्कूल मैदान में आयोजित तीज महोत्सव के दौरान प्रतियोगिता में महिलाओं ने अपना दमखम दिखाया। आज शुक्रवार को संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की पहल पर आयोजित तीज महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। जिसमें महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतिभागी महिलाओं के बीच संसदीय सचिव चंद्राकर पहुंचकर उनका उत्साहवर्धन किया। शुक्रवार को हाईस्कूल मैदान में आयोजित तीज महोत्सव का संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान ससंदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि हमारी संस्कृति में तीज उत्सव का बड़ा महत्व है। तीज का त्योहार हमारे सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक मूल्यों को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में हरेली, तीजा और कर्मा जंयती को परंपरागत रूप से मनाया जाता है। पहले इन त्योहारों में सार्वजनिक अवकाश नहीं था। भूपेश सरकार द्वारा अवकाश दिए जाने के निर्णय से उल्लास का माहौल रहता है। इसी को ध्यान में रखते हुए शहर में तीज महोत्सव का आयोजन का यह दूसरा साल है। उन्होंने महिलाओं को तीजा पोला पर्व की शुभकामनाएं भी दी। इधर तीज महोत्सव में आयोजित फ ुगड़ी प्रतियोगिता में रामकली, खूशबू, प्रभा यादव, फु ग्गा फोड़ प्रतियोगिता में शशि चंद्राकर, सरोजनी साहू, सरोज ध्रुव, पगड़ी प्रतियोगिता में श्वेता गुप्ता, राशि महिलांग व मुक्ता चंद्राकर, सोलह श्रंगार प्रतियोगिता में सावित्री साहू, शालिनी गायगौरे व भारती सोनी ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सांस्कृति कार्यक्रम में भी महिलाओं की प्रस्तुतियों ने काफी वाहवाही बटोरी। खेलकूद प्रभारी ममता बग्गा, प्रेमशीला, सोलह सिंगार चंचला गुप्ता व लक्ष्मी देवांगन, फु गड़ी प्रतियोगिता में सरिता साहू व लता कैलाश चंद्राकर, सती चंद्राकर, फ ोड़ प्रतियोगिता में तारा चंद्राकर, हाजरा खान, चुकिया फोड़ में मीना वर्मा, कामिनी चंद्राकर, पगड़ी प्रतियोगिता में आकांछा दुबे, नृत्य प्रतियोगिता में दुर्गा भारतीए रीता पांडेय प्रभारी थी। कार्यक्रम का संचालन संजय शर्मा व सरिता तिवारी ने तथा आभार प्रदर्शन तारिणी चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगरपालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ममता चंद्राकर आदि मौजूद रहीं।

आपसी रंजिश में युवक की हत्या: लाठी-डंडे और धारदार हथियार से आरोपियों ने किया हमला

कोरबा । छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में गुरुवार रात लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमला कर एक युवक की हत्या कर दी गई। वारदात कोतवाली थाना इलाके के सीतामणि कुंज नगर बस्ती की है।

जानकारी के अनुसार पुरानी रंजिश में कृष्णा यादव नाम के युवक के घर आरोपियों ने जमकर तोड़फोड़ की और उस पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में 26 साल के कृष्णा की मौत हो गई, वहीं उसका छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार के अन्य सदस्यों को भी मामूली चोटआई है। आरोपी नशे में धुत होकर आए थे। उन्होंने इलाके में जमकर उत्पात मचाया, जिससे आसपास के लोग भी डर गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर कोतवाली थाना पुलिस पहुंची। पुलिस ने परिवार वालों और आसपास के लोगों के बयान लिए हैं और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया है।

13 बिंदुओं की मांगों को लेकर अब सरपंच भी चल पड़े बेमियादी धरना प्रदर्शन की राह पर

पटवारी कार्यालय के सामने लगा सरपंचों का जमावड़ा

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

सरपंच संघ के अपनी 13 सूत्रीय मांगों को लेकर 26 अगस्त से बेमियादी धरना आंदोलन प्रारंभ कर दिया है। संघ के बैनर तले आंदोलनकारी सरपंच जिला मुख्यालय में कोतवाली कार्यालय के सामने धरनारत रहे। सरपंच संघ की मांग है कि सरपंचों और पंचों ने मानदेय में वृद्धी करते हुये सरपंचों को प्रति माह 20 हजार और पंचों को 5 हजार के अनुपात में मानदेय का भुगतान किया जाए। सरपंचों को 10 हजार की पेंशन राशि भी दी जाए तथा 50 लाख तक के सभी कार्यों में पंचायत को ही कार्य एजेंसी बनाया जाए। सरपंच निधी के रूप में 10 लाख रूपए प्रदाय किया जाए। साथ ही नक्सल क्षेत्र के सरपंचों के मारे जाने पर उनके परिजनों को 20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता भी दी जाए। सरपंचों की यह भी मांग है कि 15वें वित्त की राशि को अन्य मद में अभिशरण नहीं किया जाए। तथा 15वें वित्त की राशि जनपद व जिला सदस्यों द्वारा अपने ही निर्वाचन क्षेत्र में प्रदाय किया जावे। अन्य मांगों में सरपंचों का कहना है कि महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना में प्रयुक्त सामग्री की राशि का भुगतान हर 3 महिने में किया जावे तथा मनरेगा के निर्माण कार्य में 40 प्रतिशत राशि अग्रिम रूप से दी जाए। सरपंचों और पंचों का कार्यकाल 2 वर्ष बढाया जाए तथा ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास की राशि बढाकर 2 लाख करते हुये तत्काल राशि भी जारी की जाए। एक अन्य मांग में कहा गया है कि सरपंचों के अविश्वास प्रस्ताव अधिनियम और धारा 40 में संशोधन किया जाए।

आउट सोर्सिंग कंपनी में विस्थापितों कों 80 : भर्ती की मांग

कोरबा । ऊर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति ने एसईसीएल दीपका क्षेत्र में नियोजित आउटसोर्सिंग कंपनियों में भू-विस्थापित व प्रभावित बेरोजगारों के लिये 80 प्रतिशत स्थान आरक्षित करने की मांग की है। संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्य महाप्रबंधक के नाम ज्ञापन सौंपा है। जिसमे नियोजित कंपनी की मनमानी का उल्लेख करते हुए एसईसीएल प्रबंधन पर वादा से मुकरने का आरोप लगाया है। इस सबन्ध में ऊर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति के दीपका क्षेत्रीय इकाई के अध्यक्ष बसन्त कंवर ने बताया है कि एसईसीएल प्रबन्धन, आउटसोर्सिंग कंपनी के अधिकारियों के साथ हमारी संगठन की त्रिपक्षीय वार्ता में भू-विस्थापित प्रभावित बेरोजगारों को प्राथमिकता देने, कामगारों को आई कार्ड, मेडिकल सुविधा, पीएफ की पावती, सुरक्षा उपकरण, सहित हाई पावर कमेटी के सिफारिश के अनुसार समस्त सामाजिक सुरक्षा का पालन करने का निर्णय लिया गया था। किंतु अब इनमे से किसी भी निर्णयों का पालन नही किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि दीपका क्षेत्र में आमगांव फेस पर गोदावरी कंपनी द्वारा ओबी का कार्य किया जा रहा है, जिसमें हैवी व्हीकल के लिए ड्राइवर, हेल्फर, सुपर वाइजर आदि पदों पर भर्ती की जा रही है, चूंकि यह मिट्टी खनन का कार्य परियोजना प्रभावित क्षेत्र में हो रही है जिसमे वैकल्पिक रोजगार प्रदान करते हुए पहली प्राथमिकता भू-विस्थापितों को देनी थीं। जिस पर कंपनी द्वारा भू-विस्थापितों की उपेक्षा कर अन्यत्र लोगो की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिसका हमारा संगठन विरोध करती हैं।

सुकमा जिले से पोटाकेबीन आश्रम के 100 से अधिक बच्चें हुए बीमार

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

सुकमा जिले के पोटाकेबीन आश्रम के 100 से अधिक बच्चें बीमार हो गए हैं। पेदाकुर्ती पोटाकेबीन के इन 17 बच्चों को दोरनापाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दे की दो बच्चे डेंगू से व तीन मलेरिया से ग्रसित है। बाकी बीमार बच्चों का इलाज पोटाकेबिन में जारी है। मौसम के बदलते मिजाज ने बच्चों को बीमारियों ने जकड़ लिया हैं। बारिश और धूप के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। सभी बच्चों को बुख़ार व जुकाम की शिकायत बतायी जा रही है। इन हालातों को देखते हुए कलेक्टर हरिस एस. ने मेडिकल टीम को बेहतर देखभाल करने के लिए निर्देश दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी नितिन दंडसेना ने इस मामले की पुष्टि की है। सुकमा जिले के पोटाकेबीन आश्रम के 100 से अधिक बच्चें बीमार हो गए हैं। पेदाकुर्ती पोटाकेबीन के इन 17 बच्चों को दोरनापाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दे की दो बच्चे डेंगू से व तीन मलेरिया से ग्रसित है। बाकी बीमार बच्चों का इलाज पोटाकेबिन में जारी है।

मौसम के बदलते मिजाज ने बच्चों को बीमारियों ने जकड़ लिया हैं। बारिश और धूप के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। सभी बच्चों को बुख़ार व जुकाम की शिकायत बतायी जा रही है। इन हालातों को देखते हुए कलेक्टर हरिस एस.ने मेडिकल टीम को बेहतर देखभाल करने के लिए निर्देश दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी नितिन दंडसेना ने इस मामले की पुष्टि की है।

शराब पकड़ने गये आबकारी अमले ने ग्रामीण के घर में रखे बैग से 40 हजार निकाल लिये

पीड़ित ने 22 अगस्त को बैंक से निकाले थे पैसे

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

आबकारी विभाग एक बार फिर से विवादों में फंसता नजर आ रहा है। इससे पहले भी विभाग द्वारा वसूलीए धक्का मुक्की और मौत होने के मामले चल रहे हैं। आरोप है की आबकारी विभाग द्वारा फर्जी प्रकरण बनाकर 40 हजार रुपए लेने व धमकाने पर पीड़ित पक्ष ने पुलिस व एसडीएम को आवेदन दिया है।

मामला सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम मानपाली का है। जहां एक गरीब परिवार ने आबकारी विभाग सरायपाली पर शराब का फ र्जी प्रकरण बनाना, मारपीट करना और 40 हजार रुपए लेने का संगीन आरोप लगाया है। पीड़ित पक्ष के महेंद्री, जयंती बाघ ने थाने में आवेदन देकर की मांग कि है। थाना सिंघोड़ा में मामले की शिकायत करते हुए लिखा है कि 24 अगस्त को दोपहर 3 बजे उनके घर पर आबकारी विभाग का दल पहुंचा। जिसमें 5 पुरुष और एक महिला अधिकारी थी। वे बिना किसी पूर्व सूचना के घर में घुसकर खोजबीन करने लगे। तब घर में दो महिला एवं एक वृद्ध पुरुष सदस्य ही थे। जांच के दौरान दल ने बिरो बाघ का आधार कार्ड तथा जयंती का वोटर आईडी कार्ड और घर में एक बैग में रखे नगदी 40 हजार रुपए को निकाल कर ले गए। प्रार्थी बाघ ने बताया की उक्त जांच में कोई भी शराब अथवा संदिग्ध सामान उनके घर पर नहीं मिला। तो आबकारी के अधिकारियों ने अपने पास रखे शराब को घर के दरवाजे के सामने रखकर फ ोटो खिंचा और वृद्धि बिरो बाघ को अपने साथ गांव के बाहर ले गए मारपीट कर उसे शराब अपना है कहने को कहा। फि र घर वापस आकर घर में सभी आवेदक का हस्ताक्षर लिया और सभी को छोड़कर चले गए। आगे बताया की आबकारी विभाग के एक कर्मचारी ने स्वयं अपने हाथ से अपना मोबाइल नंबर 7974678635 लिखा और अपना पता जगन्नाथ विहार झिलमिला लिखकर दिया और दूसरे दिन सुबह 20 हजार लेकर आने को कहा अन्यथा घर के सभी लोगों के विरुद्ध कानूनी कारवाही की धमकी दिया गया है। आबकारी विभाग कि झूठी कारवाही के साक्षी महेंद्र टोप्पो, संजीव बाघ हैं। प्रार्थी के अनुसारए जांच के दौरान घर के पुरुष सदस्य भोलानाथ बाघ, राजकुमार बाघ घरेलू कार्य से बाहर गए हुए थे। उन्होंने बताया की, 49000 रुपए 22 अगस्त को बैंक से उसने निकाला था। जिसमें 9000 खर्च करने पर 40000 रुपए शेष बचा था। जिसे आबकारी विभाग के लोग ले गए हैं। पीड़ित परिवार ने आबकारी विभाग द्वारा घर से ले गए 40हजार रुपए को वापस दिलाने एवं सुरक्षा देने की मांग की है।

मामले की जांच की जाएगी

इस मामले में सरायपाली एसडीओपी विकास पाटले का कहना है कि आबकारी विभाग के विरूद्ध शिकायत आई है। जांच पड़ताल करने के बाद ही सत्यता का पता चल पाएगा। मामले की जांच की जाएगी।

कर्मचारियों ने निकाली विशाल मशाल रैली

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले जिले में अपने दो सूत्रीय मांगों को लेकर जिले के कर्मचारी अधिकारियों का अनिश्चितकालीन आंदोलन पांचवें दिन भी जारी रहा।

कर्मचारियों के द्वारा केन्द्र के समान देय तिथि से 34: महंगाई भत्ता एवं सातवें वेतनमान के अनुरुप गृह भाड़ा भत्ता न देने के विरोध में न्याय मशाल रैली निकाली गई। जो धरना स्थल प्रेमा बाग से जनपद पंचायत तिराहा फव्वारा चौक घड़ी चौक होते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय तथा अनुविभागीय राजस्व अधिकारी को अपने 2 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर रैली एसएससीएल चौक इंदिरा पार्क होते हुए पुन: धरना प्रदर्शन स्थल पर पहुंची मसाल रैली के द्वारा राज्य शासन का ध्यान आकृष्ट करना था।

विदित है कि महंगाई भत्ता एवं गृह भाड़ा भत्ता के संबंध में पर्यवेक्षक ओंकार सिंह ने कहा कि न्यायिक विभाग राजस्व विभाग वन विभाग स्वास्थ्य विभाग पंचायत ग्रामीण विकास विभाग जल संसाधन विभाग ग्रामीण यांत्रिकी विभाग पशु चिकित्सा विभाग कृषि विभाग महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी के हड़ताल पर चले जाने के कारण कार्यालय में ताला लटक रहा है किंतु विभागीय मंत्री को चिंता नहीं है कि कर्मचारियों के दो सूत्रीय मांगों को पूरा कराने मुख्यमंत्री जी से बात कर मांगे पूरा कराना चाहिए और हड़ताल का पटाक्षेप कराना चाहिए परंतु मूकदर्शक बन कर चुप्पी साधे बैठे है।

प्रत्येक कर्मचारी ने हाथ में मशाल थामकर इस एकता रूपी अग्नि को जला, रखने का प्रण लिया जिसमें राजस्व, परिवहन विभाग, पंचायत विभाग,स्वास्थ्य विभाग पीडब्लयू डीपीच ईआर ई एस महिला बाल विकास,कृषि, उद्यानिकी, रेशम, पशु चिकित्सा विभाग, कृषि स्नातक संघ,आरएम, संघ,न्यायिक कर्मचारी संघ,राजपत्रित अधिकारी संघ,सहायक शिक्षक फेडरेशन,वाहन चालक संघ समेत 82 विभागों के कर्मचारी अधिकारी सम्मिलित रहे वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पन्ना के द्वारा कहा गया कि हम कर्मचारी लोगों ने जान जोखिम में डालकर कोरोना काल में शासन और जनता की पूरे तन मन से सेवा की है लेकिन आश्चर्य की बात है कि राज्य शासन कर्मचारियों को सम्मानित करने के बजाए उनके हक व अधिकार क। व एचआरए से भी वंचित किया है जबकि पूरा देश व छ ग के पड़ोसी राज्य भी कोरोना महामारी से प्रभावित होते हुए भी अपने कर्मचारियों को हक क। एचआरए स्वीकृत किये हैं। वरिष्ठ पदाधिकारी राजेश ने कहा कि राज्य शासन कर्मचारियों के परेशानी को देखते हुए हमारी मांग पूर्ण करें अन्यथा हमारा आंदोलन और भी तीव्र होगा। डॉ. जेपी कंवर ने कहा कि अभी तक शासन ने सुध नहीं ली है शासन कहती है कि हमारी वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है जब 4 वर्ष से वित्तीय स्थिति में सुधार नहीं हो पाया है तो आने वाले 1 वर्ष में शासन ऐसा क्या कर लेगी की वित्तीय स्थिति सुधर जाएगी जब भी कर्मचारियों को देने की बात आती है तो शासन वित्तीय भार का बहाना करती है।

पटवारी संघ से चंद्रिका प्रसाद पैंकरा ने कहा कि हम सुबह बैठेंगे शाम बैठेंगे बैठेंगे पूरी रात लेकर रहेंगे अपना अधिकार सरकार ने अपना वेतन बढ़ा लिया भर लिया अपना पेट राजस्व निरीक्षक संघ के अध्यक्ष मुकेश सिंह ने कहा कि सब्र का बांध अब टूट चुका है कर्मचारी अधिकारियों का गुस्सा फूट चुका है और शासन ने भरी बरसात के के मैदान में बैठने को मजबूर किया है अपने कविता के माध्यम से शासन को जगाने का अभूतपूर्व प्रयास किया न्यायालय कर्मचारी संघ के चतुर्थ वर्ग अध्यक्ष आशीष मिश्रा ने कहा कि एएचआर, हमारी जायज मांगे है येअवश्य पूरी होगी कोषाध्यक्ष शिवलाल राजवाड़े ने कहा कि जब इतिहास लिखा जाएगा तो इस यज्ञ रूपी हड़ताल में आहुति देने वाले हमारे जांबाज कर्मचारी साथियों का नाम सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा हम सबके हड़ताल से ठप पड़ा हर काम।

एक नजर

सिंघोड़ा पुलिस ने फिर पकड़ा 5 लाख का गांजा ,कार सहित 2 तस्कर गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले के सिंघोड़ा पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने एनएच-53 रेहटीखोल के पास घेराबंदी कर कार से 25 किलो गांजा जब्त कर तस्करी के आरोप में 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर साइबर सेल व थाना की संयुक्त टीम ने रेहटीखोल के पास चेकिंग की, तभी कार सीजी 04 एच, 2686 बैरियर की ओर आते दिखी, जिसे रोककर तलाशी ली। इस दौरान टीम को 25 पैकेट यानी 25 किलो गांजा मिला। बाद टीम ने तस्करी के आरोप में कार चालक ग्राम अहिल्दा थाना कसडोल निवासी राजेश साहू 20, व ग्राम मेकरी निवासी राजाराम साहू 27 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अवैध परिवहन के आरोप में कार बरामद कर ली है। कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी संजय सिंह राजपूत, आरक्षक संदीप भोई, सुशांत बेहरा, चितरंजन प्रधान, डिग्री लाल नंद, त्रिनाथ प्रधान, हेमन्त नायक, देव कोसरिया, चंद्रमणि यादव आदि थे।

प्रेस क्लब अध्यक्ष पर सामुदायिक भवन में अवैध कब्जे की शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

छत्तीसगढ़ किसान मजदूर संघ संयोजक ललित चंद्रनाहू ने कलेक्टर महासमुंद से लिखित शिकायत करते हुये प्रेस क्लब महासमुंद की अध्यक्षा उत्तरा विदानी के विरूद्ध सांसद निधी से निर्मित सामुदायिक भवन में अवैध रूप से कब्जा करने का आरोप लगाते हुये सक्त कार्रवाई किये जाने की मांग की है। उन्होंने उक्त सामुदायिक भवन के संचालन के लिये नगर पालिका को भी अधिकृत किये जाने का निर्देष देने की मांग की है। चंद्रनाहू ने कल 25 अगस्त को लिखित शिकायत में बताया कि महासमुंद में सत्र न्यायधीश आवास के पार्श्व पार्श के शासकीय आबादी भूमि पर वर्ष 2019-20 में तत्कालीन लोकसभा सदस्य चंदुलाल साहू के द्वारा सांसद निधी से 5 लाख रूपये की अनुशंसा पर कलेक्टर महासमुंद की प्रशासकीय स्वीकृति से सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। चंद्रनाहू के अनुसार सामुदायिक भवन में सांसद का नाम एवं सार्वजनिक उपयोग की सूचना नहीं होने पर योजना एवं सांख्यिकी विभाग महासमुंद के द्वारा कार्यवाही नहीं किया गया है। चंद्रनाहू का आरोप है कि उक्त सामुदायिक भवन में प्रेस क्लब महासमुंद का बोर्ड और भवन में ताला लगाकर अवैध कब्जा किया गया है। सामुदायिक भवन में आम नागरिकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिससे लोकसभा सचिवालय के दिशा निर्देश का उल्लंघन और नागरिक अधिकार का हनन हो रहा है। उन्होंने सामुदायिक भवन पर कब्जा के विरूद्ध प्रेस क्लब अध्यक्ष पर कार्यवाही की मांग की है। चंद्रनाहू ने अपनी शिकायत से लोकसभा सचिवालय भारत सरकार नई दिल्ली के सचिव तथा छत्तीसगढ शासन के मुख्य सचिव को भी अवगत कराकर निर्देश जारी किये जाने की मांग की है।

पहाड़ी कोरवा महिला ने मांगी नौकरी, ग्रेजुएट होने के साथ कंप्यूटर की पढ़ाई फिर भी सूची में नाम नहीं

कोरबा । कोरबा जिले में करतला ब्लॉक के डोंगाआमा निवासी छत्तकुंवर कोरवा ने योग्यता के अनुसार सरकारी नौकरी देने की मांग की है। रामपुर विधायक ननकीराम कंवर को भी महिला ने अपनी मांग के संबंध में जानकारी दी तो आदिवासी विकास विभाग कोरबा के सहायक आयुक्त से आवेदिका का नाम सर्वे सूची में नहीं होने की वजह से अवगत कराने कहा है।

जहां उद्देश्य बड़ा होता है वहां जाना मुझे बड़ा अच्छा लगता है -राशि त्रिभुवन महिलांग

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

विश्व जल संरक्षण सप्ताह के तहत वन है तो जल हैए जल है तो सुनहरा कल है के उद्देश्य को लेकर भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटैक द्वारा आज स्थानीय संजय कानन स्थित कृष्ण कुंज में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बिलुप्त हो रहे प्रजाति के पौधा रोपा गया। बागबाहरा रोड स्थित संजय कानन में शुक्रवार को भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटैक द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम रखा गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने कहा कि जहां उद्देश्य बड़ा होता है वहां जाना मुझे बड़ा अच्छा लगता है। यह जरूरी नही कि वहां अच्छी खासी भीड़ और बड़ों बड़ों का जमावड़ा हो। नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने कहा इंटैक अध्याय विरासतों के संरक्षण की दिशा में लोगों को जोड़ने की दिशा में उल्लेखनीय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा बिलुप्त हो रहे प्राकृतिक संपदा को आज सहजना अतिआवश्यक है। जिसे इंटैक द्वारा किया जा रहा है जो सराहनीय है। उन्होंने कहा पौधरोपण में लीक से हटकर वनौषधि महत्व के हर्रा, बहरा, आँवला, महुआ, कोसम, बेल, भेलवा, अडूसा, आम और इमली जैसे पौधों का रोपण नगरीय क्षेत्र में मिश्रित वन विकसित करने का अच्छा संदेश नगर से राज्य और राज्य से पूरे देश में जायेगा। अध्यक्षता सेवानिवृत प्राचार्य मानकलाल चंद्राकर एवं विशेष अतिथि अरिश अनवर थे। संयोजक दाऊलाल चंद्राकर ने स्वागत भाषण दिया और सह संयोजक राजेश्वर खरे ने वन एवं पशुधन संवर्धन महत्व की छत्तीसगढ़ी लोककथा एक पेड़ आम प्रस्तुत किया। इसके पूर्व अतिथियों ने भगवान श्रीकृष्ण की काष्ठ प्रतिमा की पूजा .अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कवि हृदय रूपेश तिवारी के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में एप्सो के जिला अध्यक्ष प्रमोद तिवारी, काव्यांश परिवार से द्रौपदी साहू, जयराम पटेल, डी.बसंत साव, दिशा नाट्य कला मंच से नरेश साहू, इंटैक परिवार से डॉ. आर यादव,रघुनाथ सिन्हा, प्रमोद कन्नौजे, राजेन्द्र चंद्राकर, मानक नामदेव व पत्रकार सालिकराम कन्नौजे, जयदेव सिंह एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में वन विस्तार सामाजिक वानिकी मण्डल, वनमण्डल सामान्य वन विभाग एवं नगर पालिका परिषद का सराहनीय सहयोग रहा।

सनातन धर्म और संस्कृति के प्रचार-प्रसार के महा अभियान में गिलहरी की भूमिका निभाने को तैयार- योगेश तिवारी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रांगण में हरि लीलामृत सेवा संस्थान के तत्वाधान में आयोजित शिव महापुराण का शुक्रवार को समापन हुआ। इस दौरान रायपुर विधायक बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, किसान नेता योगेश तिवारी, वरिष्ठ नागरिक अलधेश चंदेल सुरेंद्र छाबड़ा, राजेन्द्र शर्मा विजय सिन्हा हर्षवर्धन तिवारी राजेश दीवान सुरेश पटेल राकेश मोहन शर्मा पार्षद नीतू कोठारी समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। 19 अगस्त से आठ दिवसीय संगीतमयी शिव महापुराण का आयोजन रखा गया था । इस अवसर पर रोजाना दिव्य पार्थिवेश्वर महा रुद्राभिषेक किया गया। वृंदावन धाम उत्तर प्रदेश से पधारी ख्याति प्राप्त कथा वाचक बाल साध्वी मानस पुत्री दीदी पुष्पांजलि ने महापुराण के दौरान भगवान शिव की महिमा का बखान किया। समापन के अवसर पर आम लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से हर वर्ग में अध्यात्म और भक्ति की भावना का संचार होता है। इस दौरान पूर्व पार्षद रीता पांडे, माधुरी दीवान, जिया खियालानी, रानू वर्मा, गिरीश गबेल, विक्रम पटेल, अजय मिश्रा, तुषार साहू, दिलीप पटेल, सत्यम शर्मा समेत हजारों महिला व पुरूष आयोजन में उपस्थित रहे।

जीवन काल में 1008 शिव महापुराण आयोजन का संकल्प

इस अवसर पर किसान नेता योगेश तिवारी ने विशेष पूजा अर्चना में शामिल होकर, क्षेत्रवासियों की समृद्धि व खुशहाली की कामना किया। किसान नेता ने बताया कि बेरला शहर में 8 से 16 दिसंबर तक शिव महापुराण का आयोजन किया जाएगा। इस महापुराण में पुष्पांजलि दीदी के द्वारा कथा वाचन किया जाएगा। किसान नेता ने बताया कि वृंदावन उत्तर प्रदेश से पधारी पुष्पांजलि दीदी ने अपने जीवन काल में 1008 शिव महापुराण आयोजन का संकल्प लिया है। सनातन धर्म और संस्कृति के प्रचार-प्रसार के इस महा अभियान में गिलहरी की भूमिका निभाने को तैयार है। इसलिए बेरला के पावन धरा में शिव महापुराण का आयोजन रखा गया है।

शिव महिमा का बखान बड़ी सरलता व सहजता से किया

इस अवसर पर किसान नेता योगेश तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि बेमेतरा की पावन धरा में इस तरह के धार्मिक आयोजन लगातार हो रहे हैं । जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु शामिल होकर भक्ति से भाव विभोर होकर आनंद लेते हैं। पूर्व में मंडी प्रांगण में तीन बार श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन हो चुका है। इन आयोजनों के दौरान गुरुओं से मिले आदेश को पालन करता हूं। शिव महापुराण में पुष्पांजलि दीदी ने भगवान शिव की महिमा का बखान बड़ी सरलता व सहजता से किया है। जिसे हम सभी श्रद्धालुओं ने ध्यान से श्रवण किया है। दीदी के बताए संदेश को आत्मसात कर जीवन को सफल बनाने का प्रयास करेंगे।

बालको के उत्कृष्ट जल प्रबंधन से स्थानीय जीवन स्तर में आया बदलाव

कोरबा । वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड बालको जल प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। स्थानीय समुदायों के लिए कृषि तालाब, सामुदायिक तालाब और चेक डैम का निर्णाण तथा कायाकल्प करगुणवत्तापूर्ण जलके भंडारण में वृद्धि की है। बालको ने अपनी जल प्रबंधन परियोजनाओं से पेयजल एवं कृषि कार्य हेतु स्थानीय नागरिकों की जरूरतों को पूरा करने और आसपास के पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने के लिए पानी की उपलब्धता को सुनिश्चित किया है। स्थानीय समुदायों के लिए सिंचाई और पीने के पानी की जरूरतों में सहायता करते हुए बालको ने वित्त वर्ष 2023 में लगभग 21 मिलियन लीटर की कुल भंडारण क्षमता के साथ कुल 108 पानी के बुनियादी ढांचे, जिसमें 19 कृषि तालाब, 2 सामुदायिक तालाब, 81 चेक डैम, 6 कुएं का निर्माण किया है। अबतक कंपनी ने 85 मिलियन लीटर की संचयी भंडारण क्षमता के साथ इस क्षेत्र में 150 से अधिक चेक डैम, कृषि तालाब, सामुदायिक तालाब आदि विकसित किए हैं।

एसडीओपी बेमेतरा ने किया थाना दाढ़ी का द्वितीय अर्धवार्षिक निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह एवं अति पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के निर्देशन पर एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा ने थाना दाढी का द्वतीय अर्धवार्षिक एवं किट निरीक्षण किया गया। एसडीओपी शर्मा द्वारा किट निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ ही कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही निरीक्षण के दौरान पुलिस जवानो को हमेशा खुश रहने का टिप्स दिये व उनकी समस्याओं को सुनते हुए यथोचित निराकरण का आश्वासन दिया गया। तथा थाना की साफ-सफाई हेतु विशेष ध्यान रखने तथा लंबित अपराधो, मर्ग, गुम, शिकायत और लंबित वारंटो की निकाल करनेए थाना में रिपोर्ट करने आये महिला आगंतुक ध् रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी दाढी निरीक्षक पुष्पेन्द्र भट्ट, सउनि सुभाष सिंह,प्रधान आरक्षक कामता प्रसाद, रामकुमार दिवाकर, यागेश्वर देशमुख, एसडीओपी बेमेतरा रीडर प्र.आर महेन्द्र शर्मा,आर पुकेश्वर दिल्लीवार, अर्जुन चंद्राकर,आरक्षक बालमुकुंद सिंह, छन्नुलाल टंडन, लालचंद भारती, ओंकार निर्मलकर, कपील चंद्रवंशी, केशव विश्वकर्मा, अशरफी खान, अनिल निषाद, राजेश कुर्रे,कपील चंद्रवंशी, चंद्र कुमार पटेल एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रभारी सचिव ने सी-मार्ट का अवलोकन कर उत्पाद की ली जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा जिले की प्रभारी सचिव आर संगीता ने जिला मुख्यालय बेमेतरा में संचालित सी-मार्ट भवन का मुआयना किया और महिला समूह द्वारा बेचे जा रहे उत्पाद की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि सी.मार्ट में अब तक एक लाख तीन हजार रुपये की सामग्री बेची जा चुकी है

इसका संचालन महिला स्व.सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने सी-मार्ट स्टोर में महिला समूहों द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रकार के हर्बल साबुन, आचार, मसाले, मुर्रा, दोना.पत्तल, काजु, विभिन्न प्रकार के शर्बत, देवभोग के डेयरी प्रोडक्ट,कोरिया की हर्बल चाय, लेमन ग्रास चाय, विभिन्न ऑइल से लेकर डिशवॉशर, टायलेट फ्लोर क्लीनर, मशरूम पाउडर, शहदए तेल.गुड़, देसी चना, लाल चॉवल आदि की जानकारी ली। सी.मार्ट द्वारा अब तक 14.57 लाख रुपये की समाग्री का विक्रय किया गया। जिसमें महिला स्व.सहायता समूह को 3.64 लाख की आमदनी हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ लीना मण्डावी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेमेतरा युगल किशोर उर्वशा, जनपद पंचायत बेमेतरा परियोजन अधिकारी मनरेगा संदीप वारे सहित सी-मार्ट के स्टाप उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in